Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to expedite setting up of centre for sale of agricultural products under National Horticulture Mission at Patna.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सरकार ने इस वर्ा के बजट में राट्रीय बागवानी मिशन की स्थापना की बैंत की है। साथ ही साथ प्रधान मंत्री जी भी इस मिशन के बारे में कई बार चर्चा कर चुके हैं। इस मिशन के द्वारा एकीकृत ढंग से एक ही दायरे में शोध, उख्पादन, फसल पश्चात् प्रबंधन, प्रसंस्करण और समुचित विपणन के लिए हर सिरे पर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। बागवानी का क्षेत्र सकल घरेलू उख्पाद में कृषि क्षेत्र के 20 प्रतिशत और उसके निर्यतांश के 54 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति करता है जबकि इसका जोत-क्षेत्र का हिस्सा मात्र 8.5 फीसदी ही है। अतः बागवानी क्षेत्र में उख्पादन बढ़ाने की असीम संभावनाएं हैं। इसी मिशन के तहत देश के कई भागों में कृषि उख्पादन बिक्री केन्द्र स्थापित करने की योजना है, उसमें एक केन्द्र पटना में स्थापित होना है।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि पटना में इस केन्द्र की स्थापना के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएं, जिससे कि राज्य के किसानों को लाभ मिल सके।